BMT_BHOOMI_24_2025-01_Layout 1 5/24/2025 12:18 AM Page 1


हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 24 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


11 बिरकोना में विकास एवं निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन





12 एफएसएनएल के बाद बीएसपी में भी निजीकरण का शिकंजा




## खबर संक्षेप

### स्पंज आयरन में हेराफेरी करने वाला चालक गिरफ्तार



**भिलाई।** फैक्ट्री के मॉल में हेराफेरी करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 316(4), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुविधि इस्पात रसमडा चौक कमर्शियल आफिसर प्रवीण दत्त शर्मा ने पुलिस में शिकायत किया था। ट्रक सीजी 04 एमसी 6647 के चालक अमन सिंह और कंपनी के कर्मियों निखिल राजपूत, मुकेश निषाद ने मिलकर ट्रक में भरे हुए मॉल को स्पंज आयरन 49.56 टन के अतिरिक्त कंपनी को बिना जानकारी के आर्थिक नुकसान पहुंचाया। कंपनी को 1 लाख 20 हजार 630 रूपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने पूर्व में दो आरोपी निखिल, मुकेश को गिरफ्तार किया था। लेकिन अमन सिंह फरार था। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अमन को गिरफ्तार किया। प्रकरण में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें फरार हेल्पर और ब्रोकर की तलाश में पुलिस है।

### फैक्ट्री में चोरी करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई।** चोरी के मामले में पुलिस ने दो युवक और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वैशाली नगर निवासी राहुल अग्रवाल ने शिकायत किया था। उनका छावनी चैक पर सालासर ट्रेडर्स के नाम से फेब्रीकेशन फैक्ट्री है। जहां ताला लगाकर अपने घर आ गया था। सुबह वापस फैक्ट्री पहुंचा तो नगदी रकम 4 हजार रूपये व केबल तार चोरी हो गया। स्वास्तिक एवं रानीसती ट्रेडर्स नामक फैक्ट्री से भी रात को 5 बंडल केबल तार चोरी हुआ था।पुलिस को मुखबिर व सीसी कैमरे की मदद से संदेही खुर्सीपार निवासी रवि विश्वकर्मा उर्फ खिल्लू से पूछताछ करने पर दोस्त छावनी शंकर साव और अपचारी बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

### महिला समूह के नाम पर 75 से ज्यादा महिलाओं से ठगी

**भिलाई।** महिला समूह के 75 हितग्राहियों से ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर व डीएसपी क्राइम अजय सिंह ने बताया कि भारत फायनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड भिलाई तीन शाखा प्रबंधक भुनेश्वर कुंजाम ने शिकायत किया कि महिला समूह के महिलाओं से लोन, आरडी, प्रीपेमेंट व किश्त भुगतान 7 लाख 73 हजार 588 रुपए का गबन किया गया। यह गबन डोंगरीपाली निवासी संगम मैनेजर गोविंदराम यादव ने किया है। पुलिस की टीम ने टेक्निकल जानकारी जुटाकर थाना डोंगरीपाली जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी के निवास स्थान पर घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने कर गोविंद राम यादव ने पुलिस को बताया कि संगम मैनेजर के पद पर काम करने के दौरान महिला समुह के लोन का पैसा, आरडी का पैसा, प्रीपेमेंट का पैसा वसुल कर कुछ रकम शाखा में जमा कर बाकी अपने पास रख लेता था। बायोमैट्रिक लेने का झांसा देकर फिनो एप की सहायता से स्वीकृत लोन की रकम स्वयं निकाल लिया करता था। कार्रवाई में पुरानी भिलाई थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज सहायक समेत इनकी टीम का योगदान रहा है।

# नशा तस्करी पर नियंत्रण को लेकर समन्वित रणनीति बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

■ पुलिस-प्रशासन में बनाएं बेहतर समन्वय

जिले में नशीली दवाओं की तस्करी और इसके दुष्प्रभावों को रोकने प्रशासन अब पूरी तरह सख्त रवैया अपनाने के मूड प्रशासन दिख रहा है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित दिशा सभागार में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें नशा तस्करी पर नियंत्रण को लेकर समन्वित रणनीति बनाने पर जोर दिया गया।

## एनकॉर्ड समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश



### गुप्त सूचना पर तुरंत कार्रवाई हो : साहू

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि जिले के संवेदनशील इलाकों में गश्त और तलाशी अभियान तेज किए जाएंगे। गुप्त सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तस्करी के नेटवर्क को तोड़ा जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि आम लोगों की भागीदारी से नशामुक्ति अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को जागरूक करने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में कलेक्टर ने साफ शब्दों में कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकारमय कर रही है। यह न केवल सामाजिक संकट है, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने पुलिस, खुफिया एजेंसियों और स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे आपसी तालमेल से संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी, नियमित जांच और जरूरत पड़ने पर त्वरित छापेमारी करें। इस अवसर पर एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी, डीएसपी राजेश झा, समाज कल्याण अधिकारी बरखा कासू सहित एनकॉर्ड समिति के सदस्य और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**नाकामयाबी :** 11 वर्षीय मासूम बच्ची की नृशंस हत्या को तीन माह हुए

# सोनपुरी हत्याकांड : तीन माह बाद भी आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/नवागढ़

हरिभूमि लगातार

11 वर्षीय मासूम बच्ची की नृशंस हत्या को तीन महीने गुजर चुके हैं, लेकिन आरोपी सोहन राजपूत अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। प्रशासनिक लापरवाही और जांच की धीमी रफ्तार ने लोगों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। अब दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने आरोपी पर घोषित इनाम राशि को बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दिया है। बावजूद इसके पीड़ित परिवार और समाज को अब तक न्याय नहीं मिला है।

**न इंसाफ मिला, न कार्रवाई: भड़का जनसैलाब-** हत्या के बाद से पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठते रहे हैं। 20 मई को लोधी समाज और सर्व समाज के बैनर तले चौकी संबलपुर का घेराव किया गया, जिसमें कांग्रेस समेत कई सामाजिक और राजनीतिक संगठन जुड़े। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष छाबड़ा, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार, पूर्व विधायक गुरदयाल सिंह बंजारे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जुटे।

**आखिरी चेतावनी: 5 जून तक गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन-** प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर 5 जून तक गिरफ्तारी नहीं होती, तो जिलेभर में चरणबद्ध आंदोलन और उग्र प्रदर्शन शुरू होगा। सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने साफ किया कि यह संघर्ष सिर्फ एक बच्ची के लिए नहीं, बल्कि हर बेटी की सुरक्षा और न्याय की लड़ाई है।

**सूचना देने वाले को मिलेगा 30 हजार, नाम रखा जाएगा गोपनीय-** आईजी गर्ग ने कहा है कि जो भी व्यक्ति फरार आरोपी के बारे में ठोस और विश्वसनीय जानकारी देगा, जिससे गिरफ्तारी संभव हो, उसे नकद 30 हजार रुपये इनाम दिया जाएगा। साथ ही, सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

**इनाम बढ़ाकर 30 हजार, जनआक्रोश सुलग रहा**


विरोध

पुलिस प्रशासन की नाकामी पर जमकर जताया गया आक्रोश

सोनपुरी हत्याकांडः मासूम बच्ची को न्याय दिलाने चौकी घेराव में उमड़ा जनसैलाब

5 जून तक अल्टीमेटम, कार्रवाई नहीं होने पर होगा जिला स्तरीय आंदोलन

सभा में उठी पुलिस की जवाबदेही की मांग

एडिशनल एसपी का आश्वासन

राज्य सरकार के लिए शर्म की बात हैः गुरु रुद्रकुमार

पुलिस की कड़ी कार्रवाई विशेष टीम गठन और इनाम की घोषणा

आगे की रणनीति

कांग्रेस ने दिया खुला समर्थन

पिता बोले, बेटी को न्याय मिले

### क्या है पूरा मामला?

ग्राम सोनपुरी निवासी अजय राजपूत अपनी पत्नी और बेटी के साथ खेत से लौट रहे थे, तभी उनकी बेटी अचानक लापता हो गई। खोजबीन के दौरान उसका शव पास के ही एक खेत में मिला। मामला संबलपुर चौकी में दर्ज किया गया, लेकिन इसके बाद से आरोपी सोहन राजपूत फरार है।

# करंट की चपेट में आया ठेका कर्मी, दो मिनट तक झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

■ डीकेएस रायपुर में इलाज के लिए कराया गया भर्ती

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के भिंभौरी जोन अंतर्गत कार्यरत ठेका कर्मचारी चोवाराम नेताम को करंट लगने से गंभीर चोटें आई है। घटना 20 मई को ग्राम बोहारडीह में हुई, जब वह गाड़ामोर अटल ज्योति पंप लाइन की मरम्मत कार्य में लगा हुआ था। जानकारी के अनुसार, चोवाराम नेताम शासकीय लाइनमैन योगेंद्रनाथ साहू और ठेका कर्मी अश्विनी नेताम के साथ मिलकर खेत में टूटे तार को जोड़ने का कार्य कर रहा था। काम के दौरान संबंधित लाइनें बंद की गई थीं। लेकिन भिंभौरी सबस्टेशन की जेई चारुलता सिन्हा द्वारा कॉल करने पर योगेंद्रनाथ ने नेवनारा स्टेशन से बस्ती लाइन चालू कर दी। जबकि चोवाराम उसी के समीप स्थित पंप लाइन पर काम कर रहा था। इसी दौरान लाइन में अप्रत्याशित करंट प्रवाहित हो गया, जिससे खंभे पर चढ़े चोवाराम को जबरदस्त झटका लगा। घटना में उसे करीब दो मिनट तक करंट लगता रहा, जिससे उसकी कमर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश हो गया।

मौके पर मौजूद सहयोगियों अश्विनी नेताम, विकास कश्यप, जगराम साहू और मनोज साहू ने तत्परता दिखाते हुए उसे नीचे उतारा और प्राथमिक सहायता दी। 108 एम्बुलेंस के देर से पहुंचने के कारण विद्युत विभाग की गाड़ी से चोवाराम को शासकीय अस्पताल गुधेली ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेकाहारा रायपुर और फिर डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में डीकेएस रायपुर में चोवाराम नेताम का इलाज जारी है। घटना के बाद भिंभौरी जेई चारुलता सिन्हा व सहयोगी कर्मचारी लगातार अस्पताल जाकर चोवाराम का हालचाल ले रहे हैं।

### ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

**भिलाई।** भिलाई तीन थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक खेरधा निवासी रुपेन्द्र घृतलहरे 23 वर्ष बताया गया है। वह अपनी बाइक सीजी 07 एलबी 3404 से रिश्तेदार के पास जा रहा था। बाइक में बालक निहाल घृतलहरे भी बैठा हुआ था। घटना स्थल पर ट्रेलर सीजी 07 सीई 1397 ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर मौत हो गई।

# बेमेतरा के खिलाड़ियों ने किया कमाल, 8 खिलाड़ी राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय गतका चयन प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर 8 खिलाड़ियों का चयन 12 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए हुआ है।

चयनित खिलाड़ियों में अंडर-14 बालिका वर्ग से प्रिया यदु और अनुष्का शर्मा, अंडर-17 बालिका वर्ग से रोशनी यदु, अंडर-19 बालिका वर्ग से आरती साहू, बालक वर्ग से नीरज दास, अंडर-22 बालिका वर्ग से नेहा वर्मा, राजकुमारी चतुर्वेदी तथा बालक वर्ग से साहिल बरगटे शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों ने व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विशेष बात यह है कि आरती साहू, आरुषि शर्मा और साहिल बरगटे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोच की भूमिका भी निभाएंगे। छत्तीसगढ़ न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदिर जीत सिंह, महासचिव जसवंत अमन सिंह और बेमेतरा गतका संघ के अध्यक्ष जगजीत सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# बावा मोहतरा में लगा समाधान शिविर 2920 शिकायतों का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

सुशासन तिहार के तहत बेमेतरा विकासखंड के ग्राम बावा मोहतरा में आयोजित एक दिवसीय समाधान शिविर ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। इस शिविर में 2941 आवेदनों में से 2920 शिकायतों का तत्काल निराकरण कर शासन की संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि अब सरकार जनता के द्वार पर जाकर उनकी समस्याएं सुलझा रही है। उन्होंने अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग की लापरवाही पर सख्त चेतावनी दी और कहा कि अब साय साय कार्रवाई होगी।




2920 समस्याओं का तत्काल निराकरण

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, महिला सहायता योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, बैंक पासबुक सहित अनेक योजनाओं के लाभ हितग्राहियों तक सीधे पहुँचाए गए। विधायक साहू ने कहा कि अब जनता को दफ्तर नहीं, दफ्तर को जनता तक पहुँचना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, किसान नेता बंशी राठी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**सभी अधिकारियों को मिलेगा प्रशिक्षण और जानकारीपूर्ण पुस्तिकाएं**

# नए आपराधिक कानूनों पर प्रशासन सख्त लापरवाही पर तय की जाएगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित दिशा सभाकक्ष में आयोजित अहम बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा और एसएसपी रामकृष्ण साहू ने साफ शब्दों में कहा कि कानूनों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानूनों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए प्रावधानों की समुचित जानकारी और प्रशिक्षण के बिना किसी भी स्तर पर निर्णय न लिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अमले के लिए हिंदी और अंग्रेजी में पुस्तिकाएं तथा ई-बुक्स तैयार कर तत्काल वितरण किया जाए, जिससे सभी को एक समान जानकारी मिल सके।

**कलेक्टर-एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश**



**चार्जशीट की समयसीमा व पीएम रिपोर्ट पर ध्यान दें: एसएसपी-** एसएसपी साहू ने दो टूक कहा कि नए कानूनों के पालन में लापरवाही करने वाले अधिकारी और कर्मचारी जिम्मेदार माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि चार्जशीट की समयसीमा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की उपलब्धता जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।दोनों अधिकारियों ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की और कहा कि एकजुट प्रयासों से ही जिले को विधिक रूप से मजबूत और सुशासित बनाया जा सकता है।

# लावातरा की छात्रा टिकेश्वरी साहू का एनएमएमएस छात्रवृत्ति के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 के परिणाम में बेमेतरा जिले के लावातरा की होनहार छात्रा टिकेश्वरी साहू ने सफलता हासिल की है। टिकेश्वरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में अध्ययनरत है और उनके पिता का नाम नरेंद्र साहू है। परीक्षा में चयनित होने पर टिकेश्वरी को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये और प्रतिवर्ष 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। चार वर्षों में कुल 48,000 रुपये की राशि छात्रवृत्ति के रूप में मिलेगी। मार्गदर्शक शिक्षक भुवन लाल साहू, व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा ने जानकारी दी कि यह छात्रवृत्ति योजना आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान विद्यार्थियों को माध्यमिक स्तर तक पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाती है। यह छात्रवृत्ति केवल शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए है, निजी, केंद्रीय व नवोदय विद्यालयों के विद्यार्थी इसके पात्र नहीं होते।



विद्यालय में गर्मी की छुट्टियों के दौरान समर स्पेशल क्लास और अवकाश के दिनों में अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से तैयारी कराई जाती है। इस तैयारी में शिक्षिका वीणा देवी सारथी का भी सहयोग रहा। टिकेश्वरी की सफलता पर प्रधानपाठक पुष्कर कुमार परगनिहा सहित विद्यालय के शिक्षकगण हेमचंद साहू, टीकाराम साहू, वीणा देवी सारथी, अब्राहम एक्का, ओंकार प्रसाद साहू एवं दिनेश कुमार साहू ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

